(ग) कर निर्धारिती के लिए व्यापार संबंधी आय का प्रथम कर निर्धारण वर्ष वर्ष 1964-65 है । इस वर्ष विवरणियों में जो हानि दिखाई गई है वह मूल्य ह्रास तथा विकास छूट के रूप में 10,82,000 रुपए नामे डाल कर हुई है ।

मैसर्ज मैकेंजीज लिमिटेड

2517. श्री सूरज भान : क्या वित्त मंत्री 7 दिसम्बर, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3277 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने मैसर्स मेंकेंजीज लिमिटेड की 1963-64, 1964-65, 1965-66, 1966-67 और 1967-68 के वर्षों के लिये आयकर की निर्धारित की गई धन राशि क्रमशः कितनी-कितनी है ;

(ख) आयकर की कितनी धन राशि अभी वसूल की जानी बाकी है; और

(ग) आय-कर की बकाया धन-राशि को वसूल करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) इन सभी वर्षों के लिए नियमित कर-निर्धारण की कार्यवाही अभी चल रही है । कर-निर्धारण वर्ष 1963-64 से 1967-68 तक के लिए अग्रिम कर तथा अन्तःकालीन कर के रूप में कर का दायित्व निम्न प्रकार है :—

कर-निर्धारण वर्ष	देय कर
1963-64 . .	2,86,877
1964-65 .	2,54,893
1965-66 .	3,50,358
1966-67 .	3,50,359
1967-68 . .	4,14,707

(ख) कर-निर्धारण वर्ष 1966-66 के लिए कर की अन्तःकालीन मांग 31,489 रुपये की है ।

(ग) कुछ मूल-सुधारों के कारण यह रकम विचाराधीन रखी गयी है ।

मैसर्स ओरियण्टल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन

2518. श्री सूरज भान : क्या वित्त मंत्री 7 दिसम्बर, 1967 के अतारांकित प्रश्न सं० 3277 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मैसर्स ओरियंटल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन द्वारा कागज बनाने वाली कितनी मशीनों का आयात किया गया;

(ख) इस उद्देश्य के लिये सरकार द्वारा उन्हें कितनी विदेशी मुद्रा उपलब्ध की गई; और

(ग) वे मशीनें भारत में कब प्राप्त की गई थीं तथा उनके बारे में किस प्रकार की गारंटी दी गई थी ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) एक ।

(ख) ग्रस्त विदेशी मुद्रा लगभग 8,42,767 रुपये थी ।

(ग) मशीनरी जून 1962 और फिर अगस्त 1961 में दो भागों में पहुंची । निर्धारिती ने यह स्पष्टीकरण दिया है कि सौदे में किसी प्रकार की कोई गारण्टी नहीं है ।

INCOME-TAX PAYERS IN ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS

2519. SHRI JUGAL MONDAL : Will the Minister of FINANCE be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 4392 on the 14th December, 1967 and state :

(a) whether the information regarding the Income-tax Payers in Andaman and Nicobar Island has since been collected; and

(b) if so, the details thereof ?

THE DEPUTY PRIME MINISTER AND MINISTER OF FINANCE (SHRI MORARJI DESAI) : (a) Yes, sir. The